तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 1370/2015 अनवान रवाराम बनाम गोरधनराम**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार–2018 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत जुनापतरासर पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 31.05.2018 को ग्राम पंचायत जुनापतरासर पर पत्रावली पेश हो। उपखण्ड अधिकारी, (एसडीओ) बाडमेर **आदेश**	
31.05.2018	यह पत्रावली बमुकाम को ग्राम पंचायत जुनापतरासर पर पेश हुई। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण अनुपस्थित। प्रार्थीगण ने राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अंकित किया है कि ग्राम जहानपुरा पटवार मण्डल बालेरा तहसील व जिला बाडमेर में खसरा संख्या 159 रकबा 345.00 बीघा का आया हुआ है, जिसका प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण के मध्य पंजीबद्ध बंटवाडा आपसी सहमति के आधार पर दिनांक 16.12.1963 को हुआ। उक्त पंजीबद्ध बंटवाड़ा के आधार पर जमाबन्दी अभिलेख में सही अंकन किया गया परन्तु लठ्ठा ट्रेस में तरमीम काश्त व कब्जे के अनुसार अंकित नही की गई, जिससे दोनों पक्षों के मध्य तरमीम को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। प्रार्थीगण ने मौके पर काश्त व कब्जे के अनुसार तरमीम संशोधन किये जाने हेतु निवेदन किया है। प्रकरण पंजीयन कर अप्रार्थीगण को जरिये नॉटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से 04 द्वारा आवेदन का जवाब प्रस्तुत करते हुए अंकित किया है कि प्रार्थीगण का आवेदन निराधार है नक्शे में काश्त व कब्जे के अनुसार तरमीम की गई है और नक्शे के अनुसार सीमा सम्बन्धी कोई विवाद नही है प्रार्थीगण ने 55 वर्षो तक राजस्व रेकर्ड में दुरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत नही किया है। आवेदन पत्र सारहीन होने से खारिज किया जावें। इस प्रकरण में तहसीलदार बाडमेर को तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार बाडमेर ने अपने पत्रांक	

उप खण्ड अधिकारी

PTO

Scanned by CamScanner

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 1370/2015 अनवान रवाराम बनाम गोरधनराम**
	भूअ/4570 दिनांक 23.08.2017 से मौका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। भू–अभिलेख निरीक्षक राणीगांव एवं पटवारी हल्का आटी द्वारा दिनांक 21.08.2017 को विवादित खसरा नम्बर 634/159 व 635/159 ग्राम जहानपुरा का मौका निरीक्षण कर मौका फर्द प्रस्तुत की है, जिसमें अंकित किया गया है कि लठ्ठा ट्रेस में की गई तरमीम कब्जा व काश्त के अनुसार नही है। लठ्ठा ट्रेस में अंकित खसरा नम्बर 634/159 पर अप्रार्थीगण गौरधनराम वगैराह का कब्जा काश्त है तथा खसरा नम्बर 635/159 पर प्रार्थीगण रवाराम वगैराह का काश्त व कब्जा है। मौके के अनुसार तथा काश्त कब्जे के अनुसार लठ्ठा ट्रेस में फर्द मौके के संलग्न नक्शा परिशिष्ठ 'अ' के अनुसार तरमीम दुरूस्त किये जाने की अनुशंसा की है। अतः तहसीलदार बाडमेर के प्रतिवेदनानुसार ग्राम जहानपुरा के खेत खसरा नम्बर 634/159 अप्रार्थीगण गोरधनराम वगैराह की खातेदारी में तथा 635/159 प्रार्थीगण रवाराम वगैराह की खातेदारी में अंकित करते हुए लठ्ठा ट्रेस में तरमीम संशोधन किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बाडमेर तदानुसार समस्त राजस्व अभिलेख, जमाबन्दी चौसाला एवं लठ्ठा ट्रेस में तरमीम शुद्धिकरण का अंकन सुनिश्चित करावें। संलग्न नक्शा परिशिष्ठ 'अ' आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश मजमे आम में सुनाया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी, (एसडीओ) बाडमेर

Scanned by CamScanner